हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 18 अक्टूबर 2025

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 किसानों की मक्का को व्यापारी लगा रहे चूना...



07 धनतेरस से पहले सीहोर में जगमगाए बाजार...





## मामला कृषि उपज मंडी भैरूंदा किसानों का आरोप नमी का हवाला देकर 1200 का घटा रहे भाव

# किसानों की मक्का को व्यापारी लगा रहे चूना, मंडी में समर्थन मूल्य से आधी कीमत पर बिक रही उपज

इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण किसानों की सोयाबीन और मक्का की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अब एमएसपी न मिलने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





तहसील के किसानों ने इस वर्ष खरीब सीजन की मुख्य फसल सोयाबीन का रकवा कम करते हुए, किसानों का रुझान मक्का फसल की ओर बढ़ा। वहीं इस बार मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलना भी मुश्किल हो गया है। भैरूदा कृषि ऊपज मण्डी में मक्का की आवक तेज़ होते ही मक्का की कीमतें एमएसपी से काफी नीचे चल रही हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को सरकारी खरीद का इंतजार है।

### किसान की मक्का व्यापारी लगा रहे चुना, अच्छे भाव की उम्मीद पर व्यापारियों ने फेरा पानी

भैरुंदा तहसील के किसानों ने अच्छे भाव की उम्मीद में मक्का की फसल पैदा की। सरकार भी मक्का की खेती पर जोर दे रही है, लेकिन अब भाव गिर गए हैं तो सरकार को कोई परवाह नहीं है। राज्य में मक्का की सरकारी खरीद तो दूर, भावांतर योजना का ऐलान भी नहीं हुआ। वहीं कृषि ऊपज मण्डी में भी समर्थन मूल्य की आधी कीमत पर बिकने से किसान परेशान है। भैरूंदा कृषि ऊपज मंडी में व्यापारियों द्वारा 800 से 1000 हज़ार प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी करने से किसानों करीब1200प्रति क्विंटल का घटा उठाना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कृषि ऊपज मण्डी में मक्का की नीलामी के दौरान व्यापारियों द्वारा उन्हें लुटा जा रहा हैं।

उन्हें व्यापारियों द्वारा बोला जाता है मक्का में नमी है। इस लिए 800 से 1000 तक ही खरीदी कर रहे हैं। अच्छी और सुखी ऊपज होती तो अच्छे भाव मिल जाते। भोले भाले किसानों जहां देखो उधर लूटने में लगे हुए है।

### किसानों की फसलें खराब होने का मुख्य कारण अति वृष्टि

इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण किसानों की सोयाबीन और मक्का की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। अब एमएसपी न मिलने से किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि, किसानों को मक्का का सही मूल्य क्यों नहीं मिल पा रहा है। मक्का का एमएसपी न मिलने से नाराज किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल विरोध-प्रदर्शन भी किया। किसानों का आरोप है कि व्यापारी नमी बताकर 800से 1000 रुपए तक घटा रहे हैं।

**मंडी में किसानों की परेशानी व्यापारियों की खरीदी उपज सुखाने प्रांगण में फैलाई :** इधर किसानों से मक्का की खरीदी हुई फसल को व्यापारियों ने मण्डी प्रांगण में फैलाकर सुखा दी। जिससे किसानों के वाहनों को नीलामी शेड में लगाने में परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों द्वारा खरीदी मक्का की फसल में नमी का हवाला देते हुए 800से 1000 , तो वहीं अच्छी मक्का 1200 से 1800 तक खरीदी गई। जो मक्का फसल में नमी है, खरीदी कर मण्डी प्रांगण में ही फेला दी गई। इस पर मंडी प्रशासन के अधिकारी,कर्मचारी ने आश्वस्त करते हुएं कहा इनके ख़िलाफ़ नोटिस जारी करेंगे।

## खबर संक्षेप

### दीनदयाल रसोई योजना के तहत माह नवंबर खाद्यान्न आवंटन जारी

**सीहोर।** संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार जिले में दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत माह माह नवम्बर 2025 के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर को गेंहू 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल, इसी प्रकार आष्टा को गेंहूं 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल प्रदाय किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी दी कि रसोई योजना अंतर्गत गेहूं एवं चावल का प्रदाय रुपये 1 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका सीहोर को प्रदाय किया जावे। प्रदाय किये जाने वाले गेहूं एवं चावल की गुणवत्ता की जांच उपरांत एफएक्यू गुणवत्ता का हि खाद्यान्न प्रदाय करना सुनिश्चित किया जावे, आवंटन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा निर्धारण मापदण्ड प्रति व्यक्ति प्रति दिन 160 ग्राम गेहूं एवं 40 ग्राम चावल की मात्रा अनुसार जारी किया गया है।

### जिला स्तरीय योग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सीहोर।** जिला स्तरीय योग महिला प्रतियोगिता 2025-26 में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा, क्रीड़ा अधिकारी अनिल पिपलोदिया, योग विभाग के डीन डॉ. मनोज शर्मा एवं महाविद्यालयीन स्टाफ ने संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई दी।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं। कंपनी ने बिजली उपभोक्ता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उपाय ऐप को अपग्रेड कर दिया है। अब बिजली उपभोक्ता कंपनी के उपाय ऐप से घर बैठे ही अपने बिजली कनेक्शन से संबंधित अनेक सुविधाओं का लाभ केवल एक ऐप के माध्यम से ही उठा सकते है। कंपनी ने उपाय ऐप को अपग्रेड कर समग्र आईडी के साथ ही पैन कार्ड के माध्यम से भी ई-केवायसी करने की सुविधा उपलब्ध करवाई है। उपभोक्ता परिसरों में स्थापित स्मार्ट मीटर में बिजली खपत की जानकारी को देखने के साथ ही बिजली रीडिंग, बिलिंग, चेकिंग और अन्य बिजली संबंधी कार्यवाही के लिए उपभोक्ता परिसर में आने वाले बिजली कार्मिकों की पहचान हेतु एम्पलाई वेरिफिकेशन संबंधी फीचर भी उपलब्ध कराया है।

## दीप पर्व पर 21 हजार दीयों से रोशन होगा कुबेरेश्वरधाम आगामी दिन में किया जाएगा अन्नकूट महोत्सव

### कुबेरेश्वरधाम पर दीपावली को लेकर उमड़ा आस्था का सैलाब



**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दीपावली का पर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाएगा और 21 हजार से अधिक दीपक से मंदिर परिसर को रोशन किया जाएगा। इसको लेकर मंदिर परिसर में गुरुदेव अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में विठलेश सेवा समिति और श्रद्धालुओं के द्वारा तैयारियां की जा रही है। मंदिर में यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रंग-बिरंगी रोशनी लगाई जा रही है। मंदिर परिसर में दीप पर्व को लेकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे है।

शुक्रवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। जिनकों समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने भोजन प्रसादी का वितरण किया। कार्तिक माह में मंदिर परिसर में तांता लगा रहता है। रंभा एकादशी पर यहां पर मौजूद श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। मिट्टी की कला और उससे बनाए जाने वाले दीये को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर साल गुरुदेव के निर्देश पर हजारों की संख्या में दीप पर्व पर श्रद्धालु आते है और दीप प्रज्जवलित करते है। इस साल भी पांच दिवसीय पर्व धनतेरस, रुप चौदस, दीपावली, गोवर्धन पूजन और भाई-दूज का आयोजन मंदिर में विशेष पूजा-पाठ से किया जाएगा। इसके अलावा भी यहां पर आगामी दिनों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुनिया की सबसे बड़ी भोजनशाला मंदिर परिसर में चलाई जा रही है। जिसमें यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क रूप से भोजन का वितरण किया जाता है।

### मान्यता है कि अन्नकूट भी गोवर्धन पूजा का समारोह है

अन्नकुट महोत्सव सनातन धर्म का सबसे बड़ा पर्व है। भगवान श्रीकृष्ण को 56 या 108 तरह के पकवानों का भोग लगाना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि अन्नकूट भी गोवर्धन पूजा का समारोह है। 56 प्रकार के मिष्ठान पकवान का भोग अर्पित किया जाता है, इससे ही विभिन्न आकृतियां उकेरकर झांकी सजाई जाती है इसलिए इसे अन्नकूट महोत्सव कहते हैं, अन्नकूट प्रसादी का बड़ा महत्व होता है क्योंकि इसमें कई प्रकार की सब्जियां अन्य प्रकार के भोग बनाए जाते है। उस प्रसाद का स्वाद ही अलग होता है।

## जागृति विद्या मंदिर में दीप सजाओ, रंगोली उकेरो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**भैरूंदा।** शुक्रवार को जे.व्ही.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में छात्र- छात्राओं का रंगोली एवं दीपक सजाओ एवं कक्षा सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कक्षा सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा 6th प्रथम स्थान पर रहा ,द्वितीय स्थान पर 8th क्लास रहा ,और तीसरे स्थान पर कक्षा 12th ने प्राप्त किया।

दिया सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योगिता कुशवाहा रेड हाउस ,द्वितीय स्थान पर हर्षिता मालवीय 5th क्लास येलो हाउस ,तीसरे स्थान पर कुमकुम यदुवंशी ग्रीन हाउस ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ब्लू हाउस ,दूसरे स्थान पर ग्रीन हाउस, तीसरे स्थान पर रेड हाउस रहा इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आर .एस. शर्मा सर ने कहा कि रंगोली बनाने की प्रक्रिया आपके तनाव को कम कर देती है। क्योंकि रंगोली बनाते समय आपकी अंगुली और अंगूठा मिलकर ज्ञानमुद्रा बनाते हैं, जो आपके मस्तिष्क को ऊर्जावान और सक्रिय बनाने के साथ-साथ बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण है। विद्यालय के संचालक मनोहर पवार ने सभी को दीपावली की शुभकामना देते हुए कहा दिपावली का महत्व बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। यह भगवान राम की रावण पर जीत के बाद अयोध्या वापसी का जश्न है। लोग समृद्धि के लिए देवी लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं, घरों को दीयों से सजाते हैं और परिवार और दोस्तों के साथ खुशी बांटते है। समस्त छात्र - छात्राओं एवं समस्त देशवासियों को जेवीएस विद्यालय परिवार की ओर से दीपावली पर्व की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं।

## बीपीएमयू ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई की बैठक में गणेश वितरण और छतों की मरम्मत को लेकर हुई समीक्षा



**भैरूंदा।** बीआरसी कार्यालय में बीपीएमयू ब्लॉक परियोजना प्रबंधन इकाई रखी गई बैठक में बीआरसी विजय पवार की अध्यक्षता में सभी सीएसी, बीएसी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बीआरसी विजय पवार द्वारा विभिन्न विषयों पर उपस्थित सीएसी, बीएसी से चर्चा की। इस दौरान बालागव जन शिक्षक द्वारा तरुणराज सिंह चौहान की उपस्थिति में बीआरसी की अध्यक्षता में इन सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान अपार आईडी करना, बीते माह बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा, साइकल, गणवेश वितरण की समीक्षा, शाला भवनों छात्रावासों एवं अन्य भावनों की छतों की मरमत की समीक्षा की। वहीं स्कूलों में छात्र छात्राओं की ड्रॉप की जानकारी ली।

## बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने छात्रावास में छात्राओं से अभद्रता करने वाले कर्मचारी को हटाने की मांग की



**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी जिला सीहोर के पदाधिकारियों ने अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी बसपा के नेतृत्व में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन सोपा जिसमें बाबु जगजीवन राम छात्रावास में रह रही बच्चियों (छात्राओं)के साथ प्रेम नामक कर्मचारी द्वारा अश्लील शब्द व्यवहार की शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बाबू जगजीवन राम छात्रावास सीहोर में रह रही बच्चियों की ओर से एक आवेदन जिलाधीस के नाम डीओ आदिमजाति को दिया था लेकिन विभाग समझाइश में लगा । उक्त कर्मचारी का कृत्य क्षमा योग्य नहीं है उसके बोलें शब्द जो छात्राओं के लिए बहुत ही अपमानजनक और असहनीय है। छात्रावास अधीक्षिका भी महिला है छात्राओं ने अधिक्षिका से भी शिकायत की पर वह भी छात्राओं की बात को गंभीरता से नहीं लेती है छात्राओं ने बताया की अधिक्षिका 8,9 बजे ही लाइट बंद करवा देती बच्ची अपनी पढ़ाई केसे करें,उक्त कर्मचारी को अधिक्षिका का संरक्षण प्राप्त है। बसपा पदाधिकारियों ने मांग की है की इस मामले की जांच करें और उस कर्मचारी एवं अधीक्षक को तुरंत हटाने की कार्रवाई करें। छात्राओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में रहने का अधिकार है, और हमें उम्मीद है कि आप श्रेय इस मामले में उचित कार्रवाई करें। ज्ञापन में प्रमुख रूप से नर्मदा प्रसाद सागर जिला प्रभारी बसपा नरसिंह भारतीय जिला महासचिव बसपा,बीरु जाटव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को मिली पुरस्कार

# बच्चों को विधायक सुदेश राय ने दी ई-स्कूटी और साइकिल, खिल उठे बच्चों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक पीएमश्री विद्यालय श्यामपुर में गुरूवार को विधायक सुदेश राय के मुख्य अतिथिय में उत्साह वर्धन योजना अंतर्गत मेघावी बच्चों को निः शुल्क ई-स्कूटी एवं साइकिल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के होनहार बच्चों को ई-स्कूटी एवं साइकिल प्रदान कर फूल मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सुदेश राय ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों द्वारा मां सरस्वती कि वंदना एवं अतिथि गणों का स्वागत गीत से अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 वी में सर्वाधिकअंक प्राप्त करने वाले स्लोक पाटीदार एवं बालिका कुमारी शानू को विधायक राय द्वारा पुष्प माला पहनाकर स्वागत कर मिठाई खिलाकर निः शुल्क स्कूटी भेंट की गई। इसी प्रकार कक्षा छठवीं के 13 कक्षा नवमी के 94 बालक बालिका को साईकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने मध्यप्रदेश शासन कि लाभकारी जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी दीपा कीर, बीआरसीसी अशोक वर्मा ,संकुल प्राचार्य फ्रास्सिंका बारा, छात्र छात्राऐं और श्यामपुर के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## बालिकाओं को किया गया जागरुक

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक करने और उनके सशक्तिकरण के उद्देश्य से 13 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक 05 दिवसीय जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे ने बताया कि गतिविधियों के समापन अवसर पर 17 अक्टूबर को विभाग द्वारा सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा एवं कैरियर गाइडेंस विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण, सजा व एक्ट के बारे मे विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही विशेष किशोर इकाई, पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में बताया गया। बालिकाओं को साइबर अपराधों एवं उनसे बचाव के तरीके भी बताए गए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील इछावर जिला सीहोर**

प्र.क 0001/अ-20(अ)/2025-26
इछावर, दिनांक 13/10/2025

// सूचना पत्र //

1. मुख्य महाप्रबंधक UP SANCHALAK PASHUPALAN AVAM DAIRY VIBHAG SEHORE ...........आवेदक

बनाम

मध्यप्रदेश शासन .....................अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम चैनपुरा स्थित भूमि खसरा क्रमांक 346/1, रकबा 16.0650 हे., 365/1 रकबा 42.616 है., 380/1 रकबा 30.796 हे. भूमि SEHORE VIBHAG DAIRY AVAM PASHUPALAN SANCHALAK UP द्वारा गौशाला की स्थापना हेतु भूमि आंवटित की जानी है। जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी महोदय के माध्यम से इस न्यायालय को जाँच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। अतः उक्त सम्बंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के आवंटन के सम्बंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/आक्षेप हो तो वह आपनी आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 24/10/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उपर वर्णित स्थान अथवा निश्चित दिनांक तक आपत्ति एवं आवेदन पत्र पेश नहीं करने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील, इछावर**

## खबर संक्षेप

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रुपए प्रीमियम के रूप में जमा करना होगी।

### नए पंजीयन करने वालों के लिए बनेंगे जीएसटी सेवा केंद्र

**सीहोर।** जीएसटी के नए पंजीयन लेने वाले व्यक्तियों में हाई रिस्क स्कोर के अंतर्गत आने वाले व्यवसाईयों के बायोमेट्रिक से आधार का सत्यापन करने के लिए जीएसटीएन की मदद से जीएसटी सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। नए डाटा एनालिसिस एंड मॉनिटरिंग कार्य से संबंधित नये प्लेटफार्म दिशा - डेटा इंटेलिजेंस सिस्टम फॉर हॉलिस्टिक एनालिसिस का उपयोग शुरू कर दिया गया है। यह बात उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विभाग की समीक्षा के दौरान कही। विभाग द्वारा जीएसटीएन, जीएसटी प्राइम, एनआईसी, ई-वे बिल जैसे विभिन्न पोर्टल पर उपलब्ध लगभग 105 रिपोर्ट को फील्ड अधिकारियों को देकर कर ऑनलाइन वेब पेज के माध्यम से कर चोरी के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बढ़ी रौनक, वाहन बाजार में दिखा जोश, आज खरीदारी से बाजार होंगे गुलजार

# धनतेरस से पहले सीहोर में जगमगाए बाजार खुशियों की बारिश के बीच उमंगों की चमक

बर्तन से लेकर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स से ऑटोमोबाइल और गारमेंट्स तक हर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





धनतेरस और दीपावली जैसे शुभ पर्व के आगमन से सीहोर शहर का हर कोना रौशनी से नहा उठा है। सड़कों पर टिमटिमाते दीये, रंग-बिरंगी झालरें और आकर्षक सजावटें देखकर ऐसा लगता है जैसे खुशियां खुद धरती पर उतर आई हों। हर उम्र के चेहरे पर मुस्कान झलक रही है। कोई परिवार के साथ खरीदारी में व्यस्त है, तो कोई अपने घर को सजाने की तैयारी में जुटा है।

#### ग्राहकों से गुलज़ार बाजार

बर्तन से लेकर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स से ऑटोमोबाइल और गारमेंट्स तक हर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने नयी रेंज और आकर्षक ऑफर पेश किए हैं। पीतल, स्टील और तांबे के बर्तनों की बिक्री में इस बार खास जोश है। गिफ्ट पैकेजिंग और त्योहारी छूट ने ग्राहकों के मन को लुभा लिया है, जिससे दुकानदारों के चेहरों पर भी चमक लौट आई है।

#### इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में बढ़ी रौनक

धनतेरस पर शुभ खरीदारी का महत्व देखते हुए इस बार इलेक्ट्रॉनिक्स बाजार में भी जबरदस्त हलचल है। एलईडी टीवी, मोबाइल, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर की बिक्री ने रिकॉर्ड तोड़ रफ्तार पकड़ी है। कई कंपनियों ने आसान ईएमआई और विशेष स्कीमें शुरू कर ग्राहकों का दिल जीत लिया है। लोग अपने घरों को नई तकनीक की चमक से सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

#### वाहन बाजार में दिखा जोश

सरकार द्वारा दोपहिया वाहनों पर जीएसटी में कमी और आकर्षक डिस्काउंट ऑफरों ने इस बार ऑटोमोबाइल सेक्टर में नई जान फूंक दी है। शो-रूम पर ग्राहकों की भीड़ बढ़ी है और कई लोगों ने पहले से ही एडवांस बुकिंग करा ली है। धनतेरस पर वाहन खरीदना शुभ माना जाता है। यही आस्था हर ग्राहक के चेहरे पर उम्मीद और उमंग की झलक बिखेर रही है।

#### सजावट और परिधान में उमंग

त्योहारी मौसम में फैशन और सजावट दोनों एक साथ निखर रहे हैं। गारमेंट्स दुकानों में पारंपरिक व आधुनिक परिधानों की नई



रेंज ने ग्राहकों को उत्साहित किया है। वहीं, सजावट बाजार में दीये, रंगोली, सजावटी झालरें और थीम आधारित सजावट की वस्तुएं खूब बिक रही हैं। हर कोई अपने घर को त्योहार की चमक से भर देना चाहता है, जिससे पूरा शहर सौंदर्य और आनंद के रंगों में डूब गया है।

#### बारिश का हल्का खलल, पर उमंग बरकरार

शुक्रवार दोपहर हुई हल्की बारिश ने कुछ देर के लिए धनतेरस बाजार की रफ्तार को धीमा कर दिया। दुकानदारों ने बेचैनी तो जताई, पर राहत की बात रही कि तेज बारिश नहीं हुई और सजावट-सामग्री को बड़ा नुकसान नहीं पहुँचा। थोड़ी देर बाद मौसम खुला और भीड़ फिर से लौट आई। रिमझिम फुहारों के बीच भी बाजार की चमक और लोगों के चेहरों की मुस्कान कम नहीं हुई। यह नज़ारा बताता है कि खुशियों की बारिश चाहे आसमान से हो या दिलों में सीहोर इस धनतेरस पहले से ज्यादा जगमगा रहा है।

### मानसून की विदाई के बाद भी हुई बारिश

## लगातार दूसरे दिन वर्षा, मौसम विभाग से अगले 2 दिन भी पानी गिरने की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में मानसून की विदाई के बावजूद शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बारिश दर्ज की गई। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे, जिसके कारण दोपहर 3 बजे तक सूर्य की किरणें धरती तक नहीं पहुंच पाईं। दोपहर करीब 3 बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, जो काफी देर तक जारी रही।

इस साल मानसून सीजन समाप्त होने के बाद भी जिले में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। गुरुवार शाम को भी सीहोर जिले में रिमझिम बारिश हुई थी, और शुक्रवार को दोपहर में फिर से वर्षा दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा दिन है जब मानसून की वापसी के बाद भी बारिश हुई है। जिले में इस मानसून सीजन में कुल 1090 मिलीमीटर (एमएम) बारिश दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 1161 एमएम बारिश हुई थी।

बीते 24 घंटों में इछावर क्षेत्र में 11 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, वहीं सीहोर नगर में गुरुवार शाम के बाद शुक्रवार दोपहर को भी वर्षा हुई।

शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि वर्तमान में हवाएं पूर्वी दिशा से चल रही हैं। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात के कारण मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने अगले दो दिनों तक ऐसे ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है, हालांकि तेज बारिश की उम्मीद नहीं है।

### बस हादसा: 10 यात्री घायल, डिवाइडर से टकराकर दूसरी बस से भिड़ी यात्री बस



**सीहोर।** शहर में शुक्रवार सुबह एक सड़क हादसे में यात्रियों से भरी बस डिवाइडर से टकराकर दूसरी बस से भिड़ गई। इस हादसे में 10 यात्री हल्के घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर भेजा गया।

दुर्घटना इंदौर-भोपाल हाईवे पर झागरिया जोड़ और सेकड़ाखेड़ी जोड़ के बीच हुई। बालाजी सवारी बस (MP 15 ZC 5739) के चालक राहुल अहिरवार ने बस को तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए डिवाइडर से टकरा दिया। इसके बाद बस पीछे से खड़ी चार्टर्ड बस (MP 13 P 6327) से जा भिड़ी।

**सीहोर से निकली बस :** फरियादी अंशुल कुर्मी ने बताया कि वह रात 12 बजे सीहोर बस स्टैंड से बालाजी बस में बैठकर राहतगढ़, सागर जा रहे थे। दुर्घटना सुबह करीब 4:30 बजे हुई। हादसे में अंशुल समेत पारस पाटीदार, सलमान, दीपांश, राशिद, पवन साहू, राजा, सुनील पाल, देवांश और पंचम लोधी घायल हुए। चालक राहुल अहिरवार को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्टेट हाईवे पर चलते कंटेनर से 17 एलईडी टीवी चोरी: ड्राइवर की शिकायत पर मंडी थाने ने कार्रवाई से किया इनकार



**सीहोर।** नगर में स्टेट हाईवे पर चलते कंटेनर से 17 एलईडी टीवी चोरी हो गईं। चोर कंटेनर का ताला तोड़कर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित ड्राइवर की शिकायत पर मंडी थाने ने कार्रवाई से इनकार कर दिया, जिसके बाद अमलाहा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

ड्राइवर नितिन साहू इंदौर के अनुसार, कंटेनर (MH 40 CT 141) में फ्रिज, वाशिंग मशीन और एलईडी टीवी भरकर भोपाल जा रहे थे। अमलाहा टोल प्लाजा पार करने के बाद उन्होंने कंटेनर के ताले सही पाए थे। नापलाखेड़ी के पास रात करीब तीन बजे पीछे आ रहे एक ट्रक ड्राइवर ने उन्हें बताया कि कंटेनर का दरवाजा खुला है। जांच करने पर ताला टूटा मिला और 17 एलईडी टीवी गायब थीं।

#### हाईवे पर कंजरों की गतिविधियां बढ़ीं

स्टेट हाईवे पर कंजरों की गतिविधियां फिर से बढ़ गई हैं। तीन दिन पहले सोया चौपाल और गुड़भेला के पास इंदौर जा रहे एक ट्रक का तिरपाल काटते हुए बदमाशों की तस्वीर पीछे आ रहे वाहन सवारों ने ले ली थी। बदमाश बिना वारदात को अंजाम दिए ट्रक से कूदकर फरार हो गए थे। उसी रात पार्वती थाना पुलिस ने भी हाईवे पर ट्रक कटिंग की योजना बना रहे कंजरों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की थी। हालांकि, बदमाश बाइक पर सवार होकर भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने उनकी दो बाइक जब्त कर ली थीं।

हाईवे पर रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था लचर होने के कारण कंजर गिरोहों ने इसे निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पुलिस अभी तक इस चोरी के मामले में चोरों का कोई सुराग नहीं लगा पाई है।

## बिजली सब स्टेशन में कर्मचारी की मौत: बुधनी के माना सब स्टेशन पर करंट लगने से हादसा



**सीहोर।** जिले के बुधनी स्थित माना विद्युत सब स्टेशन पर एक आउटसोर्स कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पांडाडो निवासी योगेश उइके (30 वर्ष) के रूप में हुई है। यह हादसा काम के दौरान हुआ।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बिजली की आपूर्ति अचानक चालू होने से यह दुर्घटना हुई। इस मामले में बिजली विभाग की लापरवाही का आरोप लगाया जा रहा है।

#### घटना के बाद परिजनों का हंगामा

घटना के बाद परिजन अस्पताल में जमा हो गए और उन्होंने हंगामा भी किया। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि माना सब स्टेशन पर आउटसोर्स कर्मचारी योगेश उइके काम कर रहा था, तभी करंट लगने से उसकी मौत हो गई। बुधनी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## तीन दिवसीय योग और ध्यान अभ्यास सत्र आयोजित

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अनुभाग स्तरीय योग और ध्यान सत्र का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देशों के पालन में थाना परिसर भेरुंदा में दिनांक 15 अक्टूबर से दिनांक 17 अक्टूबर के मध्य तीन दिवसीय योग अभ्यास और ध्यान शिविर का आयोजन किया गया।

योग अभ्यास हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षक ब्रजेन्द्र पारासर व अनिल मुकाती द्वारा कराया गया। योग अभ्यास के उपरांत ध्यान का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षकों द्वारा तनाव मुक्त रहने के तरीकों के बारे में बताया। योग और ध्यान के



लाभ के सम्बंध में भी अवगत कराया गया। सत्र में अनुविभागीय अधिकारी भैरुंदा (पुलिस) रौशन जैन, थाना थाना भेरुंदा, गोपालपुर और एसडीओपी ऑफिस का स्टॉफ व उनके परिजन उपस्थित रहे।

### विडंबना: 15 अगस्त के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का ही स्वसहायता समूहों का नहीं हुआ भुगतान

# सीएम मोहन यादव के आगमन से किसानों में खुशी पर भुगतान के असमंजस से स्व सहायता समूहों में चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आज 18 अक्टूबर को बिलकिसगंज आगमन को लेकर जिले में उत्साह और चिंता का मिला जुला माहौल है। जहां एक ओर लंबे इंतजार के बाद राहत राशि मिलने से किसानों के चेहरे पर खुशी है, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे स्व सहायता समूहों के बीच भुगतान की अनिश्चितता को लेकर असमंजस गहरा गया है।

बता दें सीएम के आगमन को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक सभी अधिकारी कार्यक्रम की सफलता को लेकर जुटे हुए हैं। किसानों के चेहरों पर प्रसन्नता साफ झलक रही है, क्योंकि उन्हें अपनी मेहनत की आंशिक भरपाई अब मिलती दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बिलकिसगंज में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में 2 लाख 5 हजार 977 किसानों के खाते में कुल 118 करोड़ 41 लाख रुपए की राहत राशि अंतरित करेंगे। इसमें पीला मोजेक और कीट व्याधि से बर्बाद हुई फसलों के लिए 1,87,140 किसानों को 101 करोड़ 70 लाख रुपए, जबकि दो तहसीलों में अतिवृष्टि से नुकसान झेल चुके 18,837 किसानों को 16 करोड़ 70 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

#### कार्यक्रम की तैयारी जिम्मेदारी बनी स्व सहायता समूह की चुनौती

कार्यक्रम की तैयारियों के बीच सबसे बड़ी परेशानी भोजन व्यवस्था को लेकर देखने को मिल रही है। प्रशासन ने यह जिम्मेदारी विभिन्न स्कूलों से जुड़े स्व सहायता समूहों को सौंपी है।

जनपद पंचायत के माध्यम से जारी पत्रों में उन्हें कार्यक्रम में आने वाले जनसमूह के लिए गुणवत्ता युक्त भोजन और पानी की व्यवस्था करने को कहा गया है। लेकिन समूहों का कहना है कि उन्हें न तो भोजन सामग्री उपलब्ध कराई गई है और न खर्च वहन करने के लिए कोई वित्तीय प्रावधान बताया गया है।

#### भुगतान को लेकर असमंजस

स्व सहायता समूहों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि 15 अगस्त के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों में भी कई स्कूलों ने अतिथियों के लिए भोजन व्यवस्थाएं की थीं, लेकिन अब तक उसका भुगतान नहीं हुआ। ऐसे में वर्तमान आयोजन में उन्हें फिर से जिम्मेदारी मिलना चिंता का विषय बन गया है।

समूहों का कहना है कि अगर इस बार भी भुगतान में देरी हुई तो उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ेगा। वे आयोजन की गरिमा को बनाए रखना चाहते हैं पर बिना आश्वासन के इतना बड़ा दायित्व मुश्किल लग रहा है।

#### प्रशासनिक दावे और विरोधाभास

मामले पर डीपीसी आरआर उइके का कहना है कि जनपद पंचायत के माध्यम से प्राप्त पत्रों के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया भी वहीं से पूरी की जाएगी। वहीं जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल ने बताया कि भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी स्व सहायता समूहों को दी गई है और इसका भुगतान जिला पंचायत के माध्यम से होगा। लेकिन इस पर कोई स्पष्ट लिखित निर्देश नहीं दिए गए हैं। इन विरोधाभासी दावों से समूहों की उलझन और गहरी हो गई है।

#### शहर में स्वागत की तैयारी तेज, खुशी और चिंता के बीच सीहोर का माहौल

एक ओर किसान मुख्यमंत्री के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैंए तो दूसरी ओर स्व सहायता समूह अब भी संशय की स्थिति में हैं। शहर में जगह-जगह कार्यक्रम के स्वागत बैनर और पोस्टर लगे हैं हर ओर उल्लास का माहौल है। पर इस उत्सव की चमक के बीच समूहों की चिंता की हल्की छाया भी दिख रही है। सबकी निगाहें अब शनिवार के उस क्षण पर टिकी हैं जब मुख्यमंत्री किसानों को राहत राशि सौंपेंगे और उम्मीद है कि उसी मंच से इन समूहों की व्यावहारिक परेशानियों का भी समाधान मिलेगा।

## छात्राओं के कपड़े बदलते वक्त फोटो-वीडियो बनाने वाले एबीवीपी के छात्रों को मिले सख्त सजा



**सीहोर।** एनएसयूआई के छात्रों के द्वारा स्थानीय कोतवाली चौराहे पर एबीवीपी का पुतला जलाते हुए एबीवीपी के खिलाफ एबीवीपी मुर्दावाद के गगन भेदी नारे लगाये गये। एनएसयूआई के छात्रों ने बताया कि मंदसौर के शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को युवा उत्सव के दौरान शर्मनाक मामला सामने आया। कार्यक्रम में भाग लेने आई छात्राओं के कपड़े बदलते समय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री उमेश जोशी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ दरवाजे के वेंटिलेशन से मोबाइल कैमरे से फोटो और वीडियो बनाने जैसी घिनोनी हरकत की गई, जो कि हमारी बहन बेटियों के प्रति बड़े ही शर्माशार कर देने वाली घटना है। ऐसी घिनोनी मानसिकता वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बड़े पद पर रहकर ऐसे कृत्य करने वालों पर एनएसयूआई ने कठौर कार्यवाही की मांग की है, ताकि अन्य कोई ऐसे अमानवीय कृत्य को ना दोहरा सके। इस मौके पर उपस्थित एनएसयूआई के छात्रों में प्रमुख रूप से यश यादव, मनीष मेवाड़ा, तनिश त्यागी, विकास विश्वकर्मा, अंकुर ठाकुर, अक्षत सेंगर, अमित पटेल, शुभम त्यागी, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ सम्मान समारोह



**जावर।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में को दीपावली उत्सव सम्मान समारोह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, कोषा अध्यक्ष जय नारायण राठौर ,सदस्य कैलाश सोलंकी एवं विजेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सम्मानीय समिति के सभी सदस्यों ने आचार्य परिवार एवं वाहन चालक सेवक सेविकाओं को दीपावली उपहार देकर सबको सम्मानित किया। साथ ही अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहां की दीपावली दीपो का त्यौहार तो है ही साथ में खुशहाली बांटने एवं मनाने का त्यौहार है। भगवान राम भी जब वनवास से अयोध्या आए तो उस समय से आज तक देश-विदेश में दीपावली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। साथ ही शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम की भूमिका प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी ने रखी एवं संचालन आचार्य सौभाल सिंह ने किया इस अवसर पर सभी आचार्य दीदी एवं भैया बहिन उपस्थित रहे।

## गरीब निर्धन परिवारों को कपड़े और जरूरी सामग्री का किया वितरण

**सीहोर।** सीहोर अथर्व फाउंडेशन हमेशा से अपनी एक अलग पहचान समाज सेवा के रूप में बना रहे है अथर्व फाउंडेशन के सुनील राय हमेशा से ये प्रयास करते है की कोई भी इंसान दुखी ना रहे या किसी भी कारण से परेशान ना हो इसीलिए वह जब भी अपने व्यस्ततम दिनचर्या से फ्री होते है तो सीधे अपने सहयोगियों के साथ भ्रमण पर निकल जाते है और जहाँ उन्हें कोई ग़रीब बेसहारा इंसान नजर आता है तो तुरंत उसके पास जाकर उसका कारण पूछते है और उसकी जानकारी लेकर उसकी मदद करते है और इसके साथ ही साथ जिस किसी भी जरूरतमंद को उन्हें लगता है उसकी सहायता वो निरंतर करते आ रहे है गो सेवा करना इनकी प्रथम प्राथमिकता है जहाँ कहीं भी गोवंश इन्हें नजर आते है ये इनकी टीम के साथ उसे गो चारा खिलाकर रेडियम पहना देते है जिस से गौमाता की भी रक्षा होती है और मनुष्य का एक्सीडेंट होने के चांसेस भी कम हो जाते है । ऐसे ही अथर्व फाउंडेशन की टीम ने दीपावली के शुभ अवसर पर इंदौर में निर्धन परिवारों को वस्त्र ,फटाके,दीपक मोमबत्ती सहित अन्य सामग्री वितरित की उन्हें ये नहीं लगा की सेवा सिर्फ सीहोर में ही करना है। इस लिए जहां जरूरतमंद मिल मदद की।

### पंच दिवसीय दीपोत्सव के महापर्व का कल से होगा आरंभ, ग्राहकों को आकर्षित करने दुकानें सड़कों तक आईं

# त्यौहार का उल्लासः पुष्य नक्षत्र के बाद अब धनतेरस का बाजार तैयार, पशुओं के श्रृंगार के लिए भी सजी दुकानें



फुटकर व्यापारियों से लेकर बड़ी दुकानों पर लोग खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं कोई सजावट की सामग्री खरीद रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पांच दिवसीय दीप उत्सव पर्व को लेकर शहर सजा हुआ है बाजार में त्यौहार का उल्लास नजर आ रहा है तो दुकाने और घरों में आकर्षक लाइटिंग की गई है शहर के सभी बाजार में अब बस ग्राहको का इंतजार है दुकानदारों को धनतेरस पर जमकर धन बरसाने का इंतजार है।

बता दें की फुटकर व्यापारियों से लेकर बड़ी दुकानों पर लोग अब रोजाना खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं कोई सजावट की सामग्री खरीद रहा है तो कोई आभूषण किसी को नए वाहन खरीदना है तो किसी को इलेक्ट्रॉनिक सामान अब बाजार में भीड़ नजर आने लगी है। दरअसल दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार में चहल-पहल दिखाई दे रही है।

### बाजार में दिखाई देने लगी भीड़

शहर के सराफा बाजार, बड़ा बाजार, बुधवारा, बर्तन बाजार, किराना बाजार और भोपाल नाके के पास लगे पशु बाजार में भी लोग बड़ी संख्या में खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इधर माटी के दिए की दुकानों पर भी लोग पहुंच रहे हैं खत्री मार्केट, अस्पताल के पीछे , गल चौराहा, बड़ा बाजार में माटी के दिए की दुकाने लगी हुई है।

### धनतेरस पर बरसेगा धन

व्यापारी पंकज नाकोड़ा ,विशाल चौरसिया ने कहा कि इस बार बाजार में उत्साह नजर आ रहा है और अच्छी ग्रहकी उम्मीद है पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बाजार में चहल-पहल ज्यादा है ,धनतेरस पर भी बाजार में अच्छी खरीदारी की उम्मीद है लोग अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद रहे हैं। सराफा बाजार, बर्तन बाजार, इलेक्ट्रॉनिक ,ऑटोमोबाइल सेक्टर के साथ ही फुटकर व्यापारियों की दुकानों पर भी अच्छी ग्रहकी हो रही है सबसे ज्यादा शाम के समय बाजारों में चहल-पहल और रौनक रहती है।

### स्वदेशी वस्तुओं पर जोर

नागरिक पंकज अष्टप्पगा, बंटी सिंगी ने बताया कि इस बार स्वदेशी वस्तुओं की ओर भी लोगों का रुझान बड़ा है प्रधानमंत्री के आह्वान के बाद लोग स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी पर जोर दे रहे हैं, जीएसटी की दरों में बदलाव के चलते भी बाजार में रौनक है जो सामान कुछ माह पहले तक महंगे थे वह अब सस्ते हो चुके हैं इसलिए आज से लोग भी शुभ मुहूर्त में खरीदी करने पहुंच रहे हैं।

पर्व का प्रारंभ धनतेरस से होकर भाईदूज तक चलता है। इस वर्ष यह पर्व 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक होगा,जिसमे दीपावली का मुख्य महापर्व 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। नगरपुरोहित पंडित मनीष पाठक ने बताया की धनतेरस का पर्व 18 अक्टूबर शनिवार को मनाया जाएगा,इस दिन भगवान धनवंतरी अर्थात कुबेर की पूजा आराधना कर मां लक्ष्मी के मंगल आगमन की कामना की जाती है,और साथ ही इस दिन चांदी स्वर्ण के आभूषण,सिक्के,बर्तन आदि को घर में शुभ समय लाकर पंच दिवसीय पर्व का आरंभ करते है।

**धनतेरसः** पांच दिवसीय महापर्व का पहले पर्व धनतेरस 18 अक्टूबर कार्तिक कृष्ण पक्ष के तेरस तिथि को मनाया जाता है मान्यता है कि इस दिन आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वंतरि धन व संपत्ति की देवी लक्ष्मी धन के देवता कुबेर मृत्यु के देवता यमराज और बुद्धि के देवता गणेश जी की पूजा होती है इस दिन स्वर्ण रजत आभूषण बर्तन सिक्के धनिया कपड़ा खरीदने की परंपरा है।

**नरक चतुर्दशीः**19 अक्टूबर को रूप चतुर्दशी भी कहा जाता है इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसकी कैद में 16000 महिलाओं को मुक्त कराया था इस कारण दीप जलाकर उत्सव मनाया जाता है और इस दिन प्रातः काल में उबटन लगाकर स्नान आदि किया जाता है और सांध्यकालीन समय में घरों पर दक्षिण दिशा की ओर मुख कर दीपकों को लगाते हैं।

**दीपावलीः** 20 अक्टूबर सोमवार को पंच दिवसीय महापर्व दीपावली को अमावस्या के प्रदोष काल में मनाया जाता है यह मुख्य महापर्व होता है इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है और विभिन्न पकवान बनाकर मिठाइयां बांटी जाती है दीप प्रज्वलित कर घर आंगन में रांगोली बनाकर मां लक्ष्मी के आगमन हेतु घरों को सजाया जाता रंगबिरंगी रोशनी कर घरों को सजाया जाता है एक दूसरे से मिलकर परिवारजनों के साथ आनंदित स्वरूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है।

**गोवर्धन पूजनः** यहां पर्व कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा अर्थात 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट उत्सव के स्वरूप में मनाया जाता है इसे सुहाग पड़वा भी कहते हैं परिवारजनो के द्वारा गोवर्धन पर्वत की पूजा कर भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग लगाए जाते हैं,इस दिन गोवर्धन की गोबर से आकृति बनाकर भगवान श्री कृष्ण के समझ दीपक जलाकर पूजन अर्चना की जाती है एंव पशुओं को स्नान कराकर पूजा कर गौ माता की आरती उतार उनकी परिक्रमा की जाती है।

**भाईदूजः** यह पर्व कार्तिक शुक्ल दूज अर्थात गोवर्धन पूजा के अगले दिन मनाया जाता है। इसे यम द्वितीया भी कहते हैं इस दिन बहनें अपने भाईयो को दीर्घायु की कामना कर तिलक लगाकर आरती करती है और अपने हाथों से बनाए भोजन को ग्रहण कराती है।मान्यता है कि इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और उनकी बहन यमुना का पूजन किया जाता है।

### दीपोत्सव पर्व पर शुभ मुहूर्त

- पंडित डॉ दीपेश पाठक ने बताया की पंच दिवसीय दीपोत्सव के महापर्व को इन शुभ समय पर संपन्न कर स्थिर लक्ष्मी प्राप्त कर समृद्धि प्राप्त कर सकते है।



- धनतेरस शुभ मुहूर्त
  - शुभ :प्रात : 07 :49 से 09 :14 तक
  - चर,लाभ,अमृत :दोपहर 12 :06 से 04 :23 तक
  - लाभ :संध्या 05 :48 से 07 :23 तक
  - शुभ,अमृत,चर :08 :57 से मध्यरात्रि01 :40 तक
- रूप चौदस शुभ मुहूर्त
  - चर,लाभ,अमृत :प्रात :07 :49 से 12 :05
  - शुभ :दोपहर 01 :31 से 02 :56
  - शुभ,अमृत,चर :संध्या 05 :47 से रात्रि 10 :31
- दीपावली शुभ मुहूर्त
  - अमृत :प्रात :06 :24 से 07 :49
  - शुभ :प्रात :09 :15 से 10 :40तक
  - चर,लाभ,अमृत चर :दोपहर01 :31से रात्रि 7 :21 तक
  - लाभ :रात्रि 10 :31 से मध्यरात्रि 12 :06
  - वृश्चिक लग्न प्रात : 08 :35से 10 :54
  - कुंभ लग्न :02 :41से 04 :09
  - वृषभ लग्न :संध्या 07 :09 से 09 :05
  - हि लग्न :रात्रि01 :41से 03 :58
  - प्रदोष काल :संध्या 05 :54 से 8 :20 तक
- गोवर्धन पूजा मुहूर्त
  - लाभ,अमृत :06 :25 से 09 :15
  - शुभ :10 :40 से 12 :05 तक
  - चर,लाभ :दोपहर 02 :55 से 05 :45 तक
- भाईदूज पूजा मुहूर्त
  - शुभ :प्रात :06 :26 से 07 :51
  - चर,लाभ,अमृत :प्रात : 10 :40 से दोपहर 02 :54 तक
  - शुभ,अमृत,चर, :शाम :04 :19 से रात्रि 08 :54





# छात्र-छात्राओं को दूर स्कूल जाने में नहीं होगी परेशानीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत गुरुवार को पीएम श्री विद्यालय खामखेड़ा जात्रा में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरण की। विधायक ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ग्राम से दूसरे ग्राम जाने वाली बालिका-बालक पहले अपने ग्राम में जिस कक्षा तक के स्कूल होते थे। वहां तक पढ़ाई करने के बाद शिक्षा को विराम लग जाता था। उसके कारण बालिकाएं आगे नहीं पढ़ पाती थी और ना ही वह आगे बढ़पाती थी। हमारी डबल इंजन की सरकार ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निशुल्क साइकिल वितरण योजना लागू कर एक ग्राम से दूसरे ग्राम पढ़ने जाने वाले पात्र विद्यार्थियों को साइकिलों का वितरण किया। इसका सबसे अधिक लाभ बालिकाओं को हुआ बालिका शिक्षा का प्रतिशत और स्तर बड़ा है। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ सभी पालको से विधायक ने आव्हान किया कि वह स्कूल परिसर में घर आंगन में खेत पर एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाए त्योहार आ रहे हैं आप जब भी दिवाली की खरीदी करने जाएं तो दीपावली पर स्वदेशी वस्तुएं खरीदें ताकि आपके द्वारा खरीदे सामान से हमारे दूसरे भाई को भी दीपावली अच्छी बने इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार मंडल महामंत्री यशवंत सिंह ठाकुर बी आर सी अजब सिंह राजपूत सरपंच प्रतिनिधि प्रेम नारायण वर्मा लाखन सिंह ठाकुर बहादुर सिंह ठाकुर जगन्नाथ सिंह नेताजी मानसिंह ठाकुर भारत सिंह ठाकुर सावल सिंह कवि संस्था प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर विनोद कुमार राजेंद्र कुमार शर्मा कुमेर सिंह ठाकुर हरि कुमार मालवीय संस्था के समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश



**जावर।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को मौसम बदल गया। इसके बाद बारिश का दोर शुरू हो गया। कई जगह अब भी सोयाबीन की फसल खेतो में खडी है तो कही कटी हुई फसल खेत खलीहान में पड़ी हुई है, इस के कारण किसान चिंतित नजर आ रहे है। यह बारिश आगामी फसल के लिए लाभकारी होगी।

# नपा की 53 आतिशबाजी की दुकानें हुईं आवंटित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगरपालिका द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सावधानी को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय सुभाष मैदान पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आतिशबाजी सामग्री की दुकानों का आवंटन किया है। नागरिकों के लिए आतिशबाजी की चमचमाती दुकाने सजकर तैयार है, जिसका नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने साथियों के साथ पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने आतिशबाजी व्यापारियों से आग्रह किया है कि आप सभी अपनी-अपनी दुकानों में बालू रेत सहित अग्निशमन यंत्र की स्थापना करना सुनिश्चित करें, ताकि कोई अप्रिय घटना घटित नही हो और आप सबको भी आर्थिक नुकसान नही उठाना पड़े।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए कहा कि नगर में आतिशबाजी का काम काफी बड़े स्तर पर होता है। दीपावली के चलते सुभाष मैदान में आतिशबाजी की लगभग 53 दुकानों का आवंटन किया है। उक्त प्रत्येक दुकाने 12 बाय 15 वर्गफिट की आवंटित की है। साथ ही सीएमओ श्री प्रजापति ने आवंटित आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने फायर यंत्र, पानी की व्यवस्था सहित प्रकाश व्यवस्था के समुचित इंतेजामात करने के अधिनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए।

वहीं यातायात को सुगम बनाने दुकानदारों से कहा कि परिसर में वाहनों का प्रवेश न होने दिया जाए। साथ ही जिन दुकानदारों द्वारा अधिकतम बोली लगाकर दुकान ली गई है उन सभी को समक्ष में धूम्रपान आदि नही किए जाने हेतु निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ वार्ड 18 के पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल कल्लू मुकाती, कुशलपाल लाला, गगन खत्री, राज खत्री, दीपक खत्री, जीतमल मेवाड़ा सहित व्यापारीगण मौजूद थे।

### विधायक कार्यालय पर हुआ आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन का आयोजन

# वो ही समान खरीदें जिसमें भारत की मिट्टी की महक होः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर आज विधायक कार्यालय पर आष्टा विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानसम्मेलन विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,एवं अभियान के जिला सह संयोजक राजेन्द्र केशव विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जो आत्मनिर्भर भारत का सपना देखा है और 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य तय किया है उसका रास्ता स्वदेशी से हो कर ही जाता है।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दीपावली पर्व पर नागरिको से स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने का आव्हान करते हुए कहा कि अपने दैनिक जीवन में भी उन वस्तुओं का प्रयोग करें,लक्ष्य यही रखे कि वो स्वदेशी हों। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि स्वदेशी केवल नारा नहीं, बल्कि अपनाने योग्य संस्कार है। आज हम रक्षा के क्षेत्र में भी धीरे धीरे आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहे है। आप जब सामान खरीदने जाएं तो एक बार जरूर विचार करें कि जो सामान आप खरीदकर अपने घर ले जा रहे हैं, क्या उसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा है या नहीं।

अगर आप रेहड़ी-पटरी वाले, लघु और कुटीर उद्योगों में बनने वाले स्वदेशी सामानों को खरीदेंगे तो निश्चित रूप से भारत बहुत जल्दी ही आत्मनिर्भर बन जाएगा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से आह्वान किया है कि हम जो भी खरीदें वह पूर्णतः स्वदेशी होना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी आठो मंडलो के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि हम सभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के इस अभियान से जुड़कर स्वदेशी अपनायें और अपने आसपास के छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहित करें।सम्मेलन को जिला महामंत्री धारासिंह पटेल,जिला सह प्रभारी राजेन्द्र केशव,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,कोठरी नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति ने संबोधित कर नागरिको से आह्वान किया कि भारत को सशक्त, शक्तिशाली, विकसित, आत्मनिर्भर बनाने के लिये हमें अपने दैनिक जीवन मे स्वदेशी के मूलमंत्र को शामिल करना ही होगा।

इस अवसर पर आगामी करणीय कार्य व कार्यक्रमों की भी जानकारी दी गई ।कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने एवं आभार नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया ने व्यक्त किया। आयोजित सम्मेलन में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के आठो मंडलो के अध्यक्ष सभी जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता, सरपंच आदि बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे।